# राजस्थान विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान और दर्शन को पाठ्यक्रम में शामिल करेंगे : प्रो. अल्पना कटेजा

## नए पाठ्यक्रम के तहत दर्शनशास्त्र में अब विद्यार्थी वेद और उपनिषद् के सिलेबस में करपात्री महाराज की दो पुस्तक ''गोपी गीत'' और ''वेद का स्वरूप और प्रमाण'' का अध्ययन करेंगे

**जयपुर** (कासं)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अब राजस्थान विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान और दर्शन को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। नए पाठ्यक्रम के तहत दर्शनशास्त्र में अब छात्र वेद और उपनिषद के सिलेबस में करपात्री महाराज की दो पुस्तक गोपी गीत और वेद का स्वरूप और प्रमाण पढ़ेंगे। इन विषयों को कंपलसरी वैल्यू ऐडेड कोर्स के रूप में पढ़ाया जाएगा। यानी की इनमें छात्रों का पास होना अनिवार्य होगा। यह जानकारी राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने दी।



राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा बुधवार को पत्रकारों से रूबरू हुई।

राजस्थान विश्वविद्यालय में अब मैकाले की शिक्षा पद्धित से आगे बढ़कर अब फिलासफी डिपार्मेंट में भारतीय ज्ञान और दर्शन को पढ़ाया जाएगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अल्पना कटेजा ने बताया कि फिलासफी के प्रोफेसर्स दया कृष्णा, विशंभर पाही, राजेंद्र स्वरूप भटनागर ने भारतीय ज्ञान दर्शन को लेकर जितना काम किया है, उसी के कारण आज फिलासफी डिपार्मेंट की पूरे देश में पहचान है। और फिलॉसफी पढ़ कर के यहां से निकलने वाले विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान बनाते रहे हैं। उसी को रिवाइव करने की कोशिश कर रहे हैं। आगे चलकर अलग-अलग विभागों में भारतीय ज्ञान को समायोजित करते हुए सिलेबस में परिवर्तन किया जाएगा। फिलहाल वेद और उपनिषद के सिलेबस में करपात्री महाराज की दो पुस्तकों गोपी गीत और वेद का स्वरूप और प्रमाण को शामिल किया गया है। नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान को जोड़ा जा रहा है और भारतीय ज्ञान आध्यात्मिक से परे नहीं है। दर्शनशास्त्र में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

- **इन विषयों को कंपलसरी वैल्यू ऐडेड कोर्स के रूप में पढ़ाया जाएगा, यानी कि इनमें विद्यार्थियों का पास होना अनिवार्य होगा**

वही खरपतवार महाराज की इन किताबों को पाठ्यक्रम में शामिल करने का सुझाव देने वाले आध्यात्म गुरु स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने बताया कि अब तक मैकाले शिक्षा पद्धित के अनुसार पाठ्यक्रम पढ़ते आए हैं। अब नई शिक्षा नीति के तहत धीरे-धीरे इसमें बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसों से चली आ रही परंपरा को 1 मिनट में खत्म नहीं किया जा सकता। इस परंपरा में आध्यात्मिक विषयों को जोड़ने का प्रयास एक सराहनीय कदम है। कोई भी पुरानी परंपरा में यदि सुधार की प्रक्रिया होती है, तो उसमें कुछ समय लगता है। धीरे-धीरे उसी परंपरा में चले जाएंगे, जिस प्राचीन ज्ञान परंपरा से चले थे। गोपी गीत और वेद का स्वरूप और प्रमाण का विषयों में शामिल होना इसी का सूचक है।

इस दौरान फिलासफी डिपार्टमेंट के सहायक प्रोफेसर अनुभव वार्ष्णेय ने स्पष्ट किया कि भारतीय ज्ञान परंपरा और शास्त्रीय साहित्य में यूजी और पीजी स्तर के कोर्स में बदलाव किया जा रहा है। यूजीसी से मिले परामर्श के तहत दर्शनशास्त्र में इंडियन वैल्यू सिस्टम मॉड्यूल की संरचना की गई है जिसे यूजी के फर्स्ट ईयर के छात्रों को पढ़ाया जाना शुरू किया है। इसी तरह पीजी में दर्शनशास्त्र पहले और दूसरे सेमेस्टर के छात्रों के लिए शास्त्रीय भारतीय दर्शन के पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसी वर्ष से वैदिक ग्रंथों के माध्यम से पढ़ाया जा रहा ये प्रश्न पत्र अनिवार्य होगा। यानी ये कंपलसरी वैल्यू ऐडेड कोर्स के रूप में पढ़ाए जाएंगे। इन पेपर्स में पास होना अनिवार्य होगा।

# पांच फर्मों पर 15.20 लाख रु. जुर्माना लगाया

**जयपुर**। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न फर्मों पर कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नमूने लिए गए थे। नमूनाकरण की। इन्हीं कार्यवाहियों के पश्चात मिस ब्रांड व सब स्टैण्डर्ड नमूनों की पांच फर्मों पर पंद्रह लाख बीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि आमेर क्षेत्र की चार फर्मों और चौमूं की एक फर्म पर जुर्माना लगाया गया है। जिसमे अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट चतुर्थ ने मैसर्स राहुल फ्रेश फार्म चंदवाजी रोड, चीथवाड़ी चौमूं जयपुर से पनीर पर 3 लाख रुपये, श्री आदिनाथ एग्रो इण्डस्टीज एलएलपी घठवाडा आमेर जयपुर से बादाम गिरी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट उत्तर ने मैसर्स गोविंद डेयरी आमेर जयपुर से घी पर 2 लाख रुपये और मैसर्स विष्णु किराना स्टोर आमेर रोड, जयपुर पर घी कृष्णा पर 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दक्षिण ने मैसर्स मथुरा डेयरी जनता मार्केट सब्जी मंडी,जयपुर से पनीर पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। गौरतलब है कि सब स्टैंडर्ड खाद्य पदार्थ पर अधिकतम पांच लाख रुपए एवं मिसब्रांडेड खाद्य पदार्थ पर अधिकतम 3 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

## सार-समाचार

### पूर्व पार्षद अजय यादव ने मनाया जन्मदिन




**जयपुर**। पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने बंजी ठोलियो की धर्मशाला में माला, साफा, दुपट्टा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने अजय यादव को पुष्प गुच्छ भेंटकर केक काटकर और आतिशबाजी के साथ जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर दिनभर बधाई अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों ने बधाई दीं। यादव ने अपने जन्मदिन पर शहर के प्रमुख मंदिरों मोती डूंगरी श्री गणेश मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर, गोपीनाथ जी मंदिर, ताड़केश्वर महादेव मंदिर, चांदपोल हनुमान मंदिर, बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। अजय यादव ने खोले के हनुमान जी मंदिर में गाय माता को चारा और गुड़ खिलाया। इसके अलावा जगतपुरा स्थित अक्षरधाम मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी निवास स्थान पर जाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। भाजपा के नेताओं ने भी पूर्व चेयरमैन अजय यादव के जन्मदिन पर बधाई दी। हैरिटेज महापौर कुसुम यादव, भाजपा नेता चंद्र मनोहर बटवाड़ा, जिला महामंत्री अरुण खटोड़, त्रिलोक खंडेलवाल, किशोर मोतियानी, सुरेश नावरिया, मनोज मुद्गल, उत्तम शर्मा, अरविंद मेठी, सुरेंद्र बज, नीरज लुहाड़िया, प्रभात शर्मा, शैलेश पांड्या, सुदीप ठोलिया, अरुण कोडीवाल, ज्ञानेश हल्दिया समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संस्थागत तंत्र विकास पर कार्यशाला

**जयपुर**। संसाधन तंत्र विकास पर 14 नवंबर को राजस्थान पुलिस अकादमी में एकदिवसीय कार्यशाला होगी। इसमें केंद्रीय एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड के अधिकारियों के साथ संवाद कर बेहतर समन्वय के लिए चर्चा करेंगे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगाथिर ने बताया कि गुरुवार को आयोजित इस कार्यशाला का उददेश्य जनवरी 2024 में जयपुर में आयोजित पुलिस महानिदेशक / महानिरीक्षक सम्मेलन के एजेण्डा बिन्दु संख्या 36 की पालना में केन्द्रीय पुलिस संगठनो एवं राज्य पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना हैं। एडीजी सेंगाथिर ने बताया कि इस कार्यशाला में केन्द्रीय एजेन्सीज के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड के अधिकारियों के साथ संवाद करेंगें। जिसमे एक दूसरे के समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### 108 विभूतियों का सम्मान कल

**जयपुर**। जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन फाउण्डेशन ट्रस्ट की ओर से 15 नवम्बर को भट्टारकजी की नसियां स्थित तोतूका सभागार में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली 108 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य दिलीप शिवपुरी ने बताया कि न्यायमूर्ति स्व. जेपी जैन की 50वीं पुण्य तिथि एवं 108वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रातः 10 बजे से आयोजित इस सम्मान समारोह में विधि, ज्योतिष, वकालात, चिकित्सा, शिक्षा, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, साहित्य, पर्वतारोहण, कला-संस्कृति, खेल, वास्तुकला, इंजीनियरिंग एवं समाज सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

### पांच माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर**। जालूपुरा पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पांच महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी इलाके में रहने वाली नाबालिग को अपनी बातों में फंसाकर ले गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 22 मई को पीड़ित ने थाने में शिकायत दी की 19 मई को उनके नाबालिग बेटी को एक युवक अपने साथ ले गया। इस पर थाना पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। बदमाश युवक की तलाश के लिए टीमें बनाई गई। टीम सूचना एकत्रित कर नाबालिग लड़की को तीन जून को ढूंढ लिया। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी फरार हो गया। इसके बाद पुलिस टीम को आरोपी की जानकारी मिली और फिर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### दो मंदिरों से चांदी के छत्र चोरी

**जयपुर**। सदर थाना इलाके में चोरों ने रात को दो मंदिरों को निशाना बना डाला। चोर यहां से करीब दो लाख रुपए के चांदी के छत्र, नगदी सहित अन्य सामान ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार हसनपुरा शांति नगर में स्थित शिव और हनुमान मंदिर में देर रात चोर घुसे और मंदिर से पांच चांदी के छत्र, सोने की बाली, मुकुट, नगदी सहित अन्य सामान ले गए। घटना का पता सुबह श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने पर लगा। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में भक्तजन जमा हो गए। घटना कीजानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थानाधिकारी बलवीर सिंह ने बताया कि चोरों ने एक शिव परिवार मंदिर और हनुमान मंदिर को निशाना बनाया है। चोर यहां से करीब 1.70 लाख रुपए का सामान ले गए। मामले की छानबीन की जा रही है।

### ए.टी.एम. बूथ से आठ बेट्री चोरी

**जयपुर**। रामनगरिया थाना इलाके में चोर बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम का ताला तोड़कर आठ बैट्री खोलकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार नदबई-भरतपुर निवासी अनुराग बोहरा ने मामला दर्ज करवाया है कि वह प्रतापनगर स्थित बैंक ऑफ बडौदा के प्रबंधक है। उन्होंने शिकायत में बताया कि थाना इलाके के महल रोड पर स्थित बैंक के एटीएम का ताला तोड़कर चोर आठ बेट्री खोलकर ले गए। घटना मंगलवार-बुधवार मध्य रात्रि की है। बुधवार सुबह एटीएम पर आए एक ग्राहक ने घटना की जानकारी दी। सूचना पर बैंक प्रशासन मौके पर पहुंचा और मौका देखने के बाद पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# बाल विवाह रोकथाम थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**जयपुर**। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा राजकीय विद्यालय, आमेर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, आमेर के सहयोग से 12 नवंबर को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर टाबर स्वयं सेवी संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक की थीम बाल विवाह रोकथाम रहा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि नवंबर 2024 से फरवरी 2025 तक विशेष बाल विवाह रोकथाम अभियान आयोजित किया जाना है। अभियान में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ ही विशेष नुक्कड नाटक एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इसी क्रम में राजकीय विद्यालय में नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से बाल विवाह से विवाहित बच्चों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को दिखाते हुए इसके समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को बताया गया। शर्मा ने बताया कि इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन बाल विवाह रोकथाम के साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न आयामों से आमजन को अवगत कराना रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्कीम्स के माध्यम से आमजन को समय-समय पर विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किए जाते रहे हैं, साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सबके लिए की अवधारणा पर कार्यरत है।

कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के सफल संचालन के क्रम में धर्मवीर सिंह रोलानिया, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नं. 08, आमेर, वैभव सोनी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नं. 09, आमेर स्नेहलता यादव, वाईस प्रिंसिपल, कविता अवस्थी, व्याख्याता, जीनेश पटेल, कोर्डिनेटर, टाबर स्वयं सेवी संस्थान, बब्बन मिश्रा, कार्यकर्ता, टाबर स्वयं सेवी संस्थान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ पूरण मीणा एवं देवेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रबंध पोर्टल पर व्यय विवरण अपडेट करने के निर्देश

**जयपुर**। राधाकृष्णन शिक्षा संकुल में बुधवार को समग्र शिक्षा स्टार्स प्रोजेक्ट एवं पीएमश्री गतिविधियों को लेकर एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य समग्र शिक्षा के विभिन्न प्रोजेक्ट्स और पीएमश्री गतिविधियों की प्रगति का आंकलन करना और वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के तहत आगामी लक्ष्यों को सुनिश्चित करना था। राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों से व्यय विवरण को प्रबंध पोर्टल पर अद्यतन करने पर जोर दिया ताकि भारत सरकार द्वारा मॉनिटरिंग में किसी प्रकार की जानकारी की कमी न रह जाए। बैठक में विभिन्न योजनाओं जैसे कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बालिका शिक्षा, ईसीटी (इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी), वोकेशनल एजुकेशन, और शारीरिक शिक्षा की प्रगति का भी विश्लेषण किया गया। इस दौरान अधिकारियों को इन प्रोजेक्ट्स में आने वाली चुनौतियों पर ध्यान देने और प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए।

# चाबी बनाने के बहाने 20 लाख रुपए के जेवर चुराए

- **जवाहर नगर इलाके में हुई वारदात, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी**

**जयपुर**। जवाहर नगर इलाके में चाबी बनाने के बहाने घर में आया एक युवक 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर संदिग्ध की तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी शेषनारायण ने बताया कि जवाहर नगर सेक्टर 6 निवासी ललित शर्मा (55) ने मामला दर्ज करवाया है कि सोमवार दोपहर एक व्यक्ति साइकिल पर चाबी बनवाने के लिए आवाज लगा रहा था। उस दौरान वह कॉलोनी में घर के बाहर खड़े होकर ठेले से सब्जी खरीद रहा था। पूछने के बाद व्यक्ति को अलमारी की चाबी बनाने के लिए अपने घर के अंदर लेकर गया। वह लोहे की अलमारी की चाबी बनाने लग गया। व्यक्ति ने आधे घंटे तक कोशिश की,लेकिन अलमारी की चाबी तैयार नहीं हो पाई।

इसके बाद आरोपित व्यक्ति ने पीड़ित ललित शर्मा को तेल लाने के लिए कहा। ललित तेल लेने के लिए किचन में चला गया। वह तेल लेकर कमरे में आया तो चाबी बनाने वाला थैला और एक पॉलिथिन लेकर कमरे से भागने लगा। पीड़ित ने पूछा कि क्या हुआ तो आरोपी बोला वह अभी आता है। पीड़ित ने देखा तो अलमारी खुली थी। लॉकर में रखा हुआ सारा सामान सोने का बड़ा हार, कानों के दो बड़े झूमर, एक मंगल सूत्र, कानों के दो जोड़ी बड़े टॉप्स, सोने की छह चूड़ियां, सोने की छह-सात अंगूठियां, सोने की दो लटकन, चांदी की 10-12 पायल की जोड़ी गायब थी। ललित चाबी बनाने वाले व्यक्ति के पीछे स्कूटी लेकर निकला, लेकिन आरोपी नजरों से गायब हो गया। इसके बाद पीड़ित ने थाने में पहुंचा और मामला दर्ज करवाया।

# गांवों, खेतों और ढाणियों की राह अब होगी आसान

## जयपुर कलक्टर के निर्देश पर ''रास्ता खोलो अभियान'' का 15 नवंबर को शुभारंभ होगा

**जयपुर**। जिला किसानों के लिए गांव-ढाणी और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नवाचार करते हुए 'रास्ता खोलो अभियान' शुरू करने की कार्ययोजना लागू कर दी है। जिला प्रशासन के इस अभियान से निश्चित रूप से आमजन को राहत मिलेगी।

- **'आपसी समझाइश तथा पुलिस और प्रशासन के सहयोग से हर सप्ताह खुलवाए जाएंगे कम से कम तीन रास्ते'**

ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त हो रहे हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे, उपखंड अधिकारी सप्ताह में एक बार तहसीलदार, थानाधिकारी, विकास अधिकारी के साथ रास्तों से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करेंगे तथा खोले जाने वाले रास्तों का चिन्हीकरण कर सप्ताह में कम से कम तीन रास्तों की समस्या का समाधान करेंगे। बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खंड विकास अधिकारी संबन्धित खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल/सी.सी. रोड बनवाया जाना सुनिश्चित करेंगें ताकि फिर से कोई रास्ते पर अतिक्रमण नहीं कर पाए। रास्ता खोलो अभियान के दौरान प्रत्येक शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने, रास्ता खुलवाने हेतु राजस्व अधिकारियों, पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही की जायेगी। यदि किन्हीं कारणों से शुक्रवार को कार्यवाही संभव नहीं हो तो शनिवार अथवा आगामी कार्य दिवस को अनिवार्य रूप से की जाएगी। अभियान के तहत आम रास्तों, गोचर भूमि पर अतिक्रमण को हटाने, बंद किए जा चुके खातेदारी रास्तों को खुलवाने, राजस्व अभिलेख में दर्ज रास्ते, काश्तकारों की कृषि जोत के विभाजन करने से पूर्व रास्तों का प्रावधान करने, रास्ते निकालने, राजकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, राजकीय भूमि पर से सार्वजनिक रास्ता निकालने तथा खातेदार किसान को उसकी जोत यानी खेत तक पहुंचने के लिए राजकीय चारागाह भूमि में से होकर रास्ता देने तथा खातेदारी भूमि में से होकर नवीन रास्ते निकालने और विद्यमान रास्ते को चौड़ा करने का काम होगा।

# राइजिंग राजस्थान के तहत चिकित्सा विभाग की प्री-समिट आज


**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार प्रातः 11 बजे से होटल आईटीसी राजपूताना में राइजिंग राजस्थान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से हैल्थ प्री-समिट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर सहित चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े उद्यमी एवं निवेशक तथा अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत 'इन्वेस्ट इन हैल्थ, इनोवेट फॉर हॉलिस्टिक फ्यूचर' थीम पर आयोजित इस प्री-समिट में स्वास्थ्य सेवा, फार्मा, एवं मेडिकल डिवाइस निर्माण से जुड़ी कंपनियों के एंटरप्रेन्योर्स एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में हैल्थ सेक्टर में निवेश के लिए निवेशकों में खासा उत्साह है। राजनिवेश पोर्टल पर बड़ी संख्या में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष विभाग से संबंधित निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

हैल्थ प्री-समिट के उद्घाटन सत्र में आयुर्वेद विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा स्वागत उद्बोधन देंगे। इंडो यूरोपियन सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल प्रोजेक्ट के चेयरमैन प्रो. विवेक गुप्ता, आंध्रप्रदेश मेडटेक लिमिटेड के सीईओ अतुल कोटवाल निवेश के अवसरों पर प्रजेंटेशन प्रस्तुत करेंगे। साथ ही केन्द्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा भी उद्बोधन देंगे। इसके बाद हैल्थ सेक्टर में निवेश के विभिन्न कंपनियों के साथ एमओयू किए जाएंगे।

# गलताजी में ब्रह्मोत्सव के पांचवे दिन हुआ भगवान का विवाह

**जयपुर** (कासं)। उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी में श्री वैष्णव मण्डल, रामानुज वेदान्त गुरुकुल एवं श्री गलता पीठ के अर्चकों एवं भक्तों के सहयोग से मनाए जा रहे ब्रह्मोत्सव के पाँचवें दिन भगवान का कल्याणोत्सव मनाया गया।



गलता तीथ में ब्रह्मोत्सव के पाँचवें दिन भगवान का कल्याणोत्सव मनाया गया।

- **भगवान श्रीनिवास व अम्माजी शेष वाहन में विराजे, झांकी ने लोगों का मन मोहा**

श्री वैष्णव मण्डल जयपुर के अध्यक्ष डॉ. लीला पुरुषोत्तम ने बताया कि कल्याणोत्सव में भगवान श्रीनिवास का विवाह श्रीदेवी व भूदेवी के साथ विद्वानों द्वारा वैदिक विधि एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीनिवास व अम्मा जी (श्री देवी व भूदेवी) दक्षिण भारत में विशेष रूप से बनवाए गए शेष वाहन में विराजमान हुए। विभिन्न चालों ( सर्प, गज, सिंह आदि) से मालपलटन किया गया, जिसमें भगवान की माला अम्मा जी को धारण कराई गई एवं अम्मा जी की माला भगवान को धारण कराई गई। उल्लेखनीय है कि इस उत्सव के दर्शन मात्र से जीव का कल्याण होता है, इसीलिए इसे कल्याणोत्सव कहते हैं। भगवान के विवाह में सैंकड़ों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

भगवान और अम्माजी ने दक्षिण भारत से मंगवाए गए वस्त्र, आभूषण व मालाएं धारण कीं। भगवान और अम्माजी के इस दिव्य एवं अति आकर्षक दर्शन से सभी भक्तजन भाव-विभोर हो गए। विवाह में दक्षिण भारतीय आभूषण व वस्त्र रखे गए। सभी ने तीर्थप्रसाद-गोष्ठी ग्रहण की। इस अवसर पर रामानुज डेरेवाला, डॉ. लीला पुरुषोत्तम, रामप्रकाश चौधरी, लक्ष्मीनिवास बांगड़, ओमप्रकाश चौधरी, श्याम भूतड़ा, हल्दिया, गिरिराज शर्मा, रतन मीणा, अमित शर्मा, सत्यप्रकाश, योगेश सहित नगर के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रेक पर थार गाड़ी दौड़ाने वाले युवकों की तलाश में जुटी पुलिस

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। बिंदायका इलाके में नशे में धुत युवक रेलवे ट्रेक पर रील बनाने के लिए थार लेकर पहुंच गए। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के अधिकारी ने ट्रेक पर थार देखी तो जाब्ते के साथ वहां पहुंचे। पुलिस को देख आरोपी ने बैक गियर में थार दौड़ा दी। ट्रेक से उतार कर तेज स्पीड में गाड़ी चलाकर फरार हो गए। लोको पायलट ने ट्रेक पर थार खड़ी देख समय पर ब्रेक लगा दिए। घटना के चलते ट्रेक पर मालगाड़ी को 15 मिनट रुकना पड़ा। यह घटना कनकपुरा और धानक्या स्टेशन के बीच सिंवार फाटक के पास की है। बताया जा रहा है कि आर.पी.एफ. ने रेलवे लाइन पर थार चलाने वाले आरोपी युवक की पहचान कर ली है और रेलवे सुरक्षा बल ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि एक एसयूवी चालक ने जानबूझकर गाड़ी को रेलवे ट्रेक पर चढ़ाकर अवैध रूप से पार करने की कोशिश की। इस कोशिश में एसयूवी रेलवे ट्रेक के बीच फंस गई। जबकि एक मालगाड़ी उसी ट्रेक पर आ रही थी। मालगाड़ी के लोको पायलट ने सतर्कता दिखाकर समय रहते ट्रेन को सुरक्षित दूरी पर रोक लिया और तुरंत वॉकी-टॉकी के माध्यम से रेलवे अधिकारियों को सूचित किया। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाकर तलाशी शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल मौके पर पहुंचा। लेकिन तब तक एसयूवी का ड्राइवर गाडी को ट्रैक से निकालकर फरार हो चुका था। लगभग 4 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस को गाड़ी सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली थी। रेलवे सुरक्षा बल ने मामले में रेल अधिनियम की धारा 153, 174 और 147 के तहत केस दर्ज कर गाड़ी को जब्त कर लिया है। आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। रेल अधिनियम की धारा 153 के तहत ऐसे अपराध के लिए 5 साल तक की सजा का प्रावधान है, जबकि अन्य धाराओं के तहत सजा और जुर्माना दोनों का प्रावधान है।

- **जी.आर.पी. ने आरोपी युवकों की पहचान के बाद शुरू की कार्रवाई**
- **बताया जा रहा है कि नशे में धुत युवक बिंदायका इलाके में रेलवे ट्रेक पर रील बनाने के लिए थार गाड़ी लेकर पहुंचे थे**

पुलिस के अनुसार कि रेलवे अधिकारी स्टाफ के साथ कनकपुरा रेलवे स्टेशन के बीच निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान एक थार नजर आई। इसका ड्राइवर बार-बार उसे आगे-पीछे कर रहा था। वह कार को सड़क से रेलवे ट्रैक पर ले आया था। ऐसे में वहां पहुंचे तो हमें देख कर उसने तेजी से थार बैक लेते हुए भगा दी। इसके बाद वह सड़क पर गाड़ी को तेजी से भगाकर बिंदायका की ओर ले गया। इसी समय अप रेलवे लाइन पर बिंदायका से जयपुर की ओर मालगाड़ी आ रही थी, जिसके लोको पायलट ने मामला भांपते हुए तुरंत ब्रेक लगा दिए। इसके बाद बिंदायका थाने को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर थार की तलाश शुरू की। पुलिस को मुंडिया रामसर की तरफ जाने वाले रास्ते पर थार खड़ी मिली। इसका टायर फटा हुआ था। इसमें शराब की बोतल और नमकीन थी। गाड़ी किराए पर ली हुई थी। ऐसे में कार सवार युवक फरार हो गए। कार मालिक से पूछताछ कर युवकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आरपीएफ चौकी कनकपुरा पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया है।

आरपीएफ थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान के बाद उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। जो वीडियो सामने आया और वही निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद रेलवे अधिकारियों ने कार में एक ही युवक के होने की बात कहीं है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।